# वैश्विक उद्योग जगत के लिए शानदार मंच होगा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

## जीआइएस-2023 में सहभागिता को लेकर उत्सुक दिखा आस्ट्रेलिया

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ** : उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों और औद्योगिक निवेश के लिए अनुकूल वातावरण से आस्ट्रेलिया खासा प्रभावित है। शुक्रवार को आस्ट्रेलिया की डिप्टी हाई कमिश्नर सारा स्टोरे के नेतृत्व में निवेशकों के एक शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार मुलाकात में इसका जिक्र किया और निवेश साझीदार बनने की इच्छा जताई। इस दौरान औद्योगिक दल ने यूपी में विविध सेक्टरों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की, साथ ही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में सहभागिता को लेकर उत्साह भी दिखाया। मुख्यमंत्री ने भी वैश्विक उद्योग जगत के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को बेहतरीन मंच बताया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात को सुखद बताया और प्रदेश सरकार द्वारा औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों की चर्चा की। कहा, आज ही प्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल जर्मनी में औद्योगिक जगत के प्रतिनिधियों और निवेशकों के साथ निवेश संभावनाओं पर चर्चा कर रहा है, वहीं आस्ट्रेलिया के डिप्टी हाई कमिश्नर सारा स्टोरे के नेतृत्व में निवेशकों का समूह औद्योगिक माहौल का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने के लिए प्रदेश की राजधानी में है। सरकार 10 से 12 फरवरी के बीच लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर रही है।

### निवेशकों के प्रतिनिधिमंडल ने की मुख्यमंत्री से भेंट



लखनऊ में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से ऑस्ट्रेलियाई निवेशकों ने शिष्टाचार भेंट की और विभिन्न सेक्टरों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की ● सूचना विभाग

### कड़ी मेहनत के लिए प्रोत्साहित करती हैं बड़ी चुनौतियां : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश बड़ा राज्य है तो हमारे सामने चुनौतियां भी बहुत हैं लेकिन यह चुनौतियां हमें अपने लिए बड़े लक्ष्य तय करने और कड़ी मेहनत के लिए प्रोत्साहित करती हैं। तमाम चुनौतियों के बाद भी उत्तर प्रदेश आज पावर सरप्लस और रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में अपने बड़े लक्ष्यों के साथ लगातार आगे बढ़ रहा है। भारत को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य के साथ स्थापित हो रहे दो डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर में से एक उत्तर प्रदेश में विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा, यहां सर्विस और हास्पिटैलिटी सेक्टर में भी निवेश की असीम संभावनाएं हैं।

## वन विभाग को 10 हजार करोड़ निवेश का लक्ष्य

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ** : प्रदेश सरकार ने 10 से 12 फरवरी के बीच होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को 10 हजार करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य दिया गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शुक्रवार को आयोजित इन्वेस्टर्स कान्फ्रेंस में वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि जीआइएस प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डालर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वन मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में उद्योग स्थापना के लिए अनुकूल स्थितियां हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्यमी वन आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए आगे आएं। अपर मुख्य सचिव मनोज सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि विभागीय प्रयासों व उद्यमियों के सहयोग से विभाग 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होगा। इस मौके पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव केपी दूबे भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।